卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 166 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦27 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# कांग्रेस सिर्फ औपचारिकता के लिये लड़ रही चुनाव: धामी

**भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में आयोजित नामांकन रैली में उमड़ा सैलाब**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल–ऊधमसिंहनगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का नामांकन पत्र दाखिल होने के पश्चात गांधी पार्क में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह चुनाव आम जनता का चुनाव है। प्रदेश की सभी पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी न सिर्फ रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे बल्कि संसद में प्रचण्ड बहुमत के साथ नरेन्द्र मोदी पुन: प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेंगे। श्री धामी ने कहा कि देश की जनता लोकसभा चुनाव का परिणाम पहले से ही जानती है। उन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुये कहा कि ऐसे दलों को लोकसभा चुनाव के लिये प्रदेश में प्रत्याशी तक नही मिल पा रहे हैं। प्रत्याशी घोषित करते में ही उन्हे इतना समय लगाना पड़ा। श्री धामी ने कहा कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में महज औपचारिकता के लिये अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ा रही है। सीएम धामी ने कहा कि इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का पांच लाख से अधिक मतों से जीतना तय है। अब प्रतियोगिता सिर्फ ये है कि पूरे उत्तराखण्ड में पांचों लोकसभा सीटों में सबसे अधिक मतों से कौन जीतेगा। सीएम धामी ने कहा कि मैं हर लोकसभा क्षेत्र में होकर आया हूं। लोग 19 अप्रैल का बेसब्री से इंतजार (शेष पृष्ठ सात पर)








## पुलिस ने छीना भाजपा झंडा

रूद्रपुर। गांधी पार्क में भाजपा के नामांकन कार्यक्रम में साथी के साथ स्कूटी पर सवार होकर शामिल होने आ रहे भाजपा नेता ललित बिष्ट की स्कूटी पर लगा पार्टी का झंडा मार्ग में एक पुलिसकर्मी ने उतार लिया। कुछ देर हुई बहस के बाद ललित ने पुलिस कप्तान से शिकायत की । जिसके बाद स्कूटी से उतारा गया झंडा वापस कर दिया गया।

## भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने चार सैटों में दाखिल किया नामांकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल–ऊधमसिंहनगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा और विधायक शिव अरोरा के साथ पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन पत्र दाखिल किये जाने के अंतिम दिवस आज नैनीताल–ऊधम सिंहनगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट करीब 12 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा और क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के साथ कलेक्ट्रेट में स्थापित नामांकन कक्ष में पहुंचे। श्री भट्ट ने जिला निर्वाचन अधिकारी उदय (शेष पृष्ठ सात पर)



## कांग्रेस प्रत्याशी ने रोड शो के साथ किया नामांकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने जोरदार रोड शो के साथ नामांकन किया। प्रकाश जोशी के समर्थन में रोड शो के लिए भारी संख्या में कांग्रेसी गल्ला मण्डी में एकत्र हुए। यहां से वाहनों के काफिले के साथ जोरदार रोड शो निकाला गया। रोड शो गल्ला मण्डी से शुरू होकर मेन बाजार, नैनीताल रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में कांग्रेस प्रत्याशी के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापडी, पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़, नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, जसपुर के विधायक आदेश चौहान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, संदीप चीमा, गणेश उपाध्याय, हरीश पनेरू, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, ममता रानी, सौरभ चिलाना, सोनू शर्मा, सुमित्तर भुल्लर,संजीव सिंह, इंदुमान, उमा सरकार, बाबू विश्वकर्मा, राकेश कोली, भूपेश सोनी,गोपाल भसीन, राघव छाबड़ा, मोहन खेड़ा, पुरूषोत्तम अरोरा, राजेश बत्रा, सुनील कुमार, मनोज कुमार, शिवम छाबड़ा, बबलू (शेष पृष्ठ सात पर)






**मकान बिकाऊ**

वनखंडी कालोनी,फुलसुंगा रूद्रपुर में 30 x 60 में बना एक मकान (दो दुकानें, आठ कमरे) बिकाऊ है।
-संपर्क करें-
9012749183

## सड़क हादसे में तीन की मौत,छह घायल

देहरादून (उद संवाददाता)। डोईवाला– कुआंवाला के दडेश्वर मंदिर के समीप तीन वाहनों की जोरदार टक्कर से एक वाहन में सवार सात लोगों में से तीन की मौत हो गई। हादसे में छह लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए दून अस्पताल भेजा गया है। घटना बुधवार सुबह करीब छह बजे की है। दंडेश्वर मंदिर के समीप इको स्पोर्टस संख्या यूके 06एसी 6499, आल्टो संख्या यूके 07बीक्यू 7778 एवं इको संख्या यू के 13टीए 1565 आपस में टकरा गये। बताया जाता है कि एक वाहन अपनी लाइन से हटकर दूसरी लाइन में अचानक आ गया। जिससे अन्य दो वाहन उस वाहन से टकरा गए। दुर्घटना के दौरान इको वाहन में सवार सात लोग जिनमें दो बच्चे तीन पुरुष दो महिलाएं थीं। उनमें एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चे की मौत हो गई। अन्य दो वाहनों में सवार दो लोग भी घायल हो गये। छह घायलों को उपचार के लिए दून अस्पताल भर्ती कराया गया है। जिनकी मृत्यु हुई है उनको ले जा रहा वाहन देहरादून से रुद्रप्रयाग के लिए जा रहा था।





## अचानक कार्यकर्ता के घर पहुंचकर सीएम ने सबको चौंकाया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के बावजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मार्निंग वॉक के दौरान आम लोगों से मिलना, उनकी कुशल क्षेम पूछना और उनसे अपनी सरकार के कामकाज का फीडबैक लेने का सिलसिला नहीं छोड़ा है। इसी के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार सुबह अचानक बिना किसी लाव लस्कर के एक कार्यकर्ता के घर पहुंच गये उन्होंने कार्यकर्ता ओर उनके परिवार का हाल जाना और फीडबैक लिया। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बगैर पूर्व सूचना और लावलश्कर के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्या के घर पहुंच गये। मुख्यमंत्री धामी को अचानक अपने घर पर देखकर जीवन चन्द्र और उनके परिवार के लोग चौंक गये। एक क्षण के लिए आर्या को भी विश्वास नहीं हुआ कि सूबे के (शेष पृष्ठ सात पर)





**आवश्यकता है**

रियल स्टेट में कार्य का अनुभव रखने वाली कुशल युवती की आवश्यकता है, जिसे हिंदी व अंग्रेजी भाषा के साथ टेली मार्केटिंग एवं रिसेप्शनिस्ट का भी अनुभव हो।

क्रिस्टल वैली टाउनशिप प्रोजेक्ट एम्बियंस बैंकट के सामने काशीपुर रोड, रूद्रपुर

इंटरव्यू के लिए श्री कमल गर्ग (98887 84292) से साईट पर जाकर बायोडाटा के साथ संपर्क करें।
समय-11:00 am to 5:00 pm

## युवक की संदिग्ध मौत,हत्या की आशंका

**गले पर मिले गहरे जख्म के निशान, दो संदिग्धों से पूछताछ**

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा सुल्तानपुर पट्टी इलाके में अपने ही घर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में गायब युवक मृत पड़ा पाया गया। उसके गले पर कसाव के गहरे निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया माना जा सकता है कि दिनदहाड़े किसी ने गला घोटकर उसकी हत्या करने के बाद शव लावारिस छोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। उधर पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है जिससे गहन पूछताछ जारी है। जानकारी के मुताबिक ग्राम रतनपुरा थाना बाजपुर निवासी विजय सिंह 29 वर्ष पुत्र अशोक कुमार मेहनत मजदूरी किया करता है। बताते हैं कि गत मंगलवार की सुबह लगभग 10:00 बजे खाना खाने के बाद दोस्तों से मिलने के लिए घर से निकला लेकिन वापस घर नहीं लौटा। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इस दौरान अपराह्न बाद लगभग 2:00 बजे घर से कुछ ही चंद कदम की दूरी पर मजदूर टाइप युवक मृत पड़ा पाया गया। यह खबर जैसे ही जंगल में आग की तरह फैली मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)



## नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था रही चौकस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में आज लोकसभा चुनाव के भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के आने को लेकर यातायात व सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन सुबह से ही तैयारियों में जुटा रहा। नगर में गांधी (शेष पृष्ठ सात पर)



# स्मृति ईरानी और सीएम धामी ने भरा जोश

## अब तक प्रदेश की पांच सीटों पर 26 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा: पौड़ी से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी, टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह ने नामांकन किया





देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में उतरे भाजपा व कांग्रेस के तीन प्रत्याशियों ने मंगलवार को शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन किया। टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह लक्ष्मी और गढ़वाल सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी नामांकन लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा ने नामांकन रैली में अपनी ताकत दिखाई। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सीएम धामी प्रत्याशियों के समर्थन में पहुंचे। टिहरी से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह लक्ष्मी और गढ़वाल सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के साथ ही कांग्रेस के टिहरी लोकसभा से जोत सिंह गुनसोला ने अपना नामांकन किया। कांग्रेस प्रत्याशी गुनसोला के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत कई नेता भी मौजूद रहे। पौड़ी के रांसी पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने स्वागत किया। यहां भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए मुख्यालय पहुंचे थे। बलूनी के समर्थन में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, गढ़वाल सांसद तीरथ रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सहित कई भाजपा नेता नामांकन में पहुंचे। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांच सीटों पर अब तक 26 उम्मीदवार पर्चा भर चुके हैं। बुधवार को नामांकन का अंतिम दिन है। भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों और निर्दलीय प्रत्याशी भी अंतिम दिन नामांकन करेंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार, गढ़वाल सीट से आठ, टिहरी से छह, हरिद्वार से छह, अल्मोड़ा से तीन और नैनीताल सीट से तीन उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं। बुधवार को गढ़वाल सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल, नैनीताल से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, अल्मोड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा और हरिद्वार सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत नामांकन करेंगे।

## भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर बीजेपी ने पांच लाख वोट लाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बीजेपी प्रचार में भी कोई कमी नहीं रखना चाहती है। बीजेपी ने चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान का कहना है कि प्रांतीय कमेटी के प्रस्ताव पर हाईकमान ने राज्य में 40 स्टार प्रचारकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के स्टाचार प्रचारकों में पीएम नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, शिवराज सिंह चौहान, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, वीके सिंह, शांतनु ठाकुर, दुष्यंत कुमार गौतम, महेंद्र भट्ट, नायाब सिंह सैनी, नरेश बंसल, अनिल बलूनी, रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा,हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, सतपाल महाराज, रेखा आर्य, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, आशा नौटियाल दीप्ती रावत सहित 40 स्टार प्रचारकों के नाम शामिल है।

## टिहरी सीट पर कांग्रेस दोहरायेगी इतिहास : गुनसोला



देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार को कांग्रेस भवन से नामांकन रैली निकालकर कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने पर्चा दाखिल किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्र की जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है। जब कार्यकर्ता और जनता एक हो जाए तो टिहरी से राज परिवार का तिलिस्म टूटना स्वाभाविक है। टिहरी क्षेत्र में पिछले 10 सालों में कोई नया विकास नहीं हुआ, जिससे क्षेत्र के लोगों ने परिवर्तन का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस सीट पर एक बार फिर पुराना इतिहास दोरायेगी और जनता के से किए गये सभी वायदे पूरे गरेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा, टिहरी क्षेत्र से पार्टी हाईकमान ने मजबूत प्रत्याशी को उतारा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की जीत के लिए काम करना है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस प्रत्याशी को शुभकमनायें देते हुए कहा कि टिहरी लोकसभा सीट से हमारी लड़ाई राजा बनाम प्रजा की है, यह लड़ाई है तिलाड़ी कांड के शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की है जो लगातार राजशाही के खिलाफ अपने हक हकूको के लिया और दमनकारी नीतियों के खिलाफ लड़ते रहे हैं।मुझे विश्वास है कि क्षेत्र की जनता सरल स्वभाव के धनी और सौम्या व्यक्ति श्री जोत सिंह गुनसोला जी को विजय बनाएगी। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कहा, भाजपा के शासन में प्रदेश और देश में जिस तरह के हालत हैं। उसका जवाब लोग चुनाव में देंगे। महंगाई से हर वर्ग के लोग त्रस्त हैं। बेरोजगार नौजवान रोजगार के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। अंकिता हत्याकांड में परिजनों को न्याय नहीं मिल रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। इस मौके पर पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, नवप्रभात, विधायक विक्रम सिंह नेगी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## कांग्रेस ने राहुल गांधी सहित कई स्टार प्रचारकों का सूची भेजी

देहरादून। लोकसभा चुनाव में उतरे कांग्रेस प्रत्याशियों को स्टार प्रचारकों का इंतजार है। प्रत्याशी अपने स्तर पर चुनाव मैदान में डटे हैं। पार्टी केंद्रीय नेतृत्व की ओर से अभी तक कोई बड़ा नेता उत्तराखंड दौरे पर नहीं आया। भाजपा ने पांचों सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की लंबी फेहरिस्त बनाई है। वहीं, कांग्रेस ने अभी तक स्टार प्रचारकों की सूची तैयार नहीं की है। प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी ने बताया, चुनाव प्रचार में स्टार प्रचारकों की सूची बनाई जा रही है। स्टार प्रचारकों की सूची में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद समेत कई बड़े नेताओं की पांचों सीटों पर रैली निकालने की रणनीति तैयार की जा रही है। होली पर्व के बाद स्टार प्रचारकों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी।

## एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को लगाया अबीर गुलाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने इस बार पुलिस की होली मिलन का तरीका पूरी तरह से बदल दिया। इस बार जवान नहीं बल्कि कप्तान खुद ड्यूटी पॉइंट में खड़े जवानों के पास पहुंचे और उन्हें अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उन्होंने जवानों को लंच पैकेट, रंग, मिठाई भेंट करने के साथ उनकी हौसला अफजाई भी की। शहर में मुख्य बाजार और चौराहों पर पुलिसकर्मी सतर्क दिखे और हर आने -जाने वालों पर नजर रखी गई।एसएसपी ने होली पर्व पर घर-परिवार से दूर रह कर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के बीच एकाएक पहुंचकर और उन्हें लंच पैकेट, पकवान के साथ मिठाई से मुंह मीठा कराया। जनपद पुलिस मुखिया को अपनी ड्यूटी पॉइंट पर अचानक देखकर जवानों के चेहरे पर अलग सी रौनक देखने को मिली। सभी पुलिसकर्मियों से बातचीत कर त्यौहार के माहौल को लेकर जानकारी भी ली गई। एसएसपी ने जवानों को रंग लगाकर, मिठाई खिलाकर, गले लगाकर सभी का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने भीमताल तिराहा, कोल्टेक्स, नरीमन तिराहा, खेड़ा, बनभूलपुरा, मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर, मुखानी चौराहा, सेंटर हॉस्पिटल, ऊंचापुल, कठघरिया, लामाचौड़, आम्रपाली इत्यादि ड्यूटी प्वाइंट पर लगे सभी महिला एवम अन्यपुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित भी किया गया। सभी कर्मियों ने भी मुस्कुराते हुए एसएसपी को बधाई दी। इस दौरान प्रकाश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआं, नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी, प्रमोद पाठक पीआरओ समेत संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। ड्यूटी के उपरांत एसएसपी समेत पुलिस कर्मियों ने हर्ष उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया, सभी ने एक दूसरे को रंग लगा गले मिलकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी।





## हर्षोल्लास के साथ मनायी होली

सितारगंज (उद संवाददाता)।क्षेत्र में होली का पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल के आवास पर होल्यारों ने जमकर होली खेली। वहीं कांग्रेसी कार्यकताओं ने भी आमजन के साथ होली पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसडीएम रविंद्र कुमार, कोतवाल



भूपेंद्र ब्रज्वाल ने स्टाफ के साथ जमकर होली खेली। सोमवार को क्षेत्र में होली का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। होली गायन पर क्षेत्र के होल्यार जमकर थिरके। मंगलवार को कोतवाली में कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, एसएसआई कविंद्र शर्मा ने स्टाफ के जमकर होली खेली। इससे एक दिन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, एडवोकेट रवि रस्तोगी, संजय गोयल, पंकज गहतोड़ी, कांग्रेसी नवतेज पाल सिंह आदि ने होली पर्व की बधाई दी। एसडीएम आवास में राजस्व स्टाफ ने एसडीएम रविंद्र कुमार को अबीर, गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

## बालाजी दरबार में भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



गुलरभोज(उद संवाददाता)। श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार गडार बस्ती गांधी आश्रम मैदान में मुकेश राजभर के यहां लगाया गया। इस दौरान बालाजी कोपा की मंडली द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां व भजनों के द्वारा जनता को झूमने को मजबूर कर दिया। कुल्हा के महंत तारा सिंह बिष्ट ने दरबार को सुंदर ढंग से सजाया। इस अवसर पर भजन गायक गुरमेल सिंह और सूरज शाह ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा नेता अतुल पांडे, डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, बाबू सिंह तोमर, गुरमेल सिंह, सूरज शाह, मुकेश राजभर, हरीश शर्मा, अंकित जोशी, अमित कुमार गुप्ता ,सतीश चुघ, भूपेंद्र आर्य, राजेश सिंह, धन सिंह, बाबूराम, रमेश खोलिया, गोपाल सिंह, मीनू गुप्ता, इंदिरा गढ़िया आदि उपस्थित थे।

## पर्वतीय होली में गीतो की धुन पर जमकर खेली होली

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पर्वतीय उत्थान समिति के तत्वाधान में आयोंजित होली में ढोलक की थाप पर पहाड़ी गीतों पर महिलाएं व पुरषों ने होली मनाई। पर्वतीय उत्थान समिति भवन में पहली होली धुमधाम से मनाई गई। होली में पहाड़ी महिलाएं एक जैसी साड़ी पहनकर पहुंची थी। जो कि होली में आकर्षण का केन्द्र थी। पहाड़ी गीतो की थाप पर ,खेली गई होली में ढ़ोल , मजिरा बजाकर जमकर होली का आनन्द लिया। होली खेलने के लिए नगर के अलावा दुर -दरार ग्रामीण इलाके से भी पर्वतीय समुदाय के लोग पहुंचे थे। जिन्होंने एक दुसरें को होली की बधाई देते हुये बुरा न मानो होली के प्रतीक पर्व को खुशी से मनाया। पर्वतीय होली में निर्वतमान चौयरमेन प्रेम सिंह टुरना ने पहुंचकर पर्वतीय समुदाय के साथ होली खेली। इस मौके पर पूर्व विस्तारक जगदीश जोशी , सुरेश जोशी , धर्म सिंह विष्ट , पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीष जोशी ,हीरा चन्द,कृष्ण चंद्र आर्य,देव बहादुर बम,नवीन अटवाल,प्रकाश विष्ट,दीप चन्द्र आर्य,मन्नु चौहान, शंकर सिंह बसेड़ा,नकुल भट्ट, कीर्ति जोशी, हरीश गहतोड़ी हरीश चंद्र सती, हरीश जोशी,राम दत्त फौजी, महेश सिंह कुंवर आदि मौजूद थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# सभा के दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष सहित दर्जनों युवाओं ने थामा कमल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल-ऊधमसिंहनगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन गांधी पार्क में आयोजित सभा में पूर्व पालिकाध्यक्ष सहित दर्जनों युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो एवं विचारों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया। आज गांधी पार्क में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में आयोजित सभा में जिसमें उत्तराखण्ड राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाने वाले प्रकाश चन्द्र आर्य और भवाली पालिका अध्यक्ष संजीव शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया। इसके साथ ही गणेश राज, देवेश आनन्द आर्य, कैप्टन देव राम, पंकज कुमार, अनिल शर्मा, गोविन्द लोहनी, देव कुमार वेद प्रकाश, लाल बाबू, दीप प्रकाश, दीपक,राम प्रसाद, प्रदीप,नरेश कुमार, विशाल कुमार, पुलकीत लोहनी, निखिल कुमार आदि भी विभिन्न राजनैतिक पार्टियों को छोड़कर आज भाजपा में शामिल हो गये।

# भाजपा की जनसभा में प्रचार सामग्री की दुर्दशा

## बसों में ही बांट दिए थे खाने के पैकेट



रुद्रपुर। बुधवार को गांधी पार्क में आयोजित भाजपा की चुनावी जनसभा में पहुंची चुनाव प्रचार सामग्री मैदान में बिखरी पड़ी नजर आयी। यह देख बच्चे प्रचार सामग्री को लेने के लिए टूट पड़े। बच्चे हाथों में प्रचार सामग्री समेटते नजर आए। सूत्रों की मानें तो जिस वाहन में सामग्री आई उसमें सवार लोग सामग्री के बंडलों को नीचे गिरा रहे थे। भाजपा प्रत्याशी की चुनावी जनसभा में लोकसभा क्षेत्र बसों में पहुंचे लोगों को खाने के पैकेट बांटे गए। सभा में पहुंचे लोगों की मानें तो उन्हें खाने के पैकेट बसों में ही दिए गए थे।कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में बच्चों को भी खाने के पैकेट बांटे गये।

# तमंचा व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)। अवैध तमंचा व कारतूस के साथ पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कोतवाली पुलिस अपराधियों की टोह ले रही थी इसी दौरान उसने कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र से पशुपति विहार थाना आईटीआई निवासी विशाल दिवाकर पुत्र राजकुमार दिवाकर को संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पूर्व में भी तीन बार संगीन मामलों में जेल की हवा खा चुका है। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा शस्त्र अधि नियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।



# शिविर में 85 लोगों ने किया रक्तदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बी ह्यूमन फाउंडेशन के 10 वे स्थापना दिवस पर वीर शहीदों के सम्मान में अग्रवाल धर्मशाला रुद्रपुर में 10 वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मनोज शर्मा के द्वारा किया गया तथा शिविर में आये नवनिर्वाचित व्यापार के लिए सदस्यों को प्रशंसा की तथा आगे भी समाज कल्याण के कार्य करते रहने के लिए टीम को प्ररित किया। रक्त दान शिविर का आयोजन शहीदी दिवस पर वीर शहीदों के सम्मान में रखा गया जिसमे 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रुद्रपुर ब्लड सेन्टर के जितेन्द्र सिंह ब्रजवाल ने बताया कि वर्तमान में थेलिशिमिया के पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ,पार्षद सोनू अनेजा तथा समाजसेवी हरविंदर चुग ने प्रतिभाग किया संस्था के अध्यक्ष गौरव तागरा , सचिव सचिन तनेजा , कोषाध्यक्ष रविंदर शर्मा तथा पूरी टीम द्वारा सभी रक्तदाताओ का आभार प्रकट किया गया शिविर में बद्री केदार सेवा मंडल के सदस्यों द्वारा रक्तदान किया



मंडल के पदाधिकारियो ने संस्था को 10 वे स्थापना दिवस की शुभकामनाये दी। 10 वर्षो में बी ह्यूमन संस्था द्वारा राजकीय विद्यालयों में पढने वाले गरीब परिवार के बच्चो की शिक्षा से लेकर करोना काल में संस्था द्वारा किये गए मानव सेवा कार्यो मरीज बढने के कारण ब्लड सेन्टर में लगातार ब्लड की कमी बनी हुई है इसलिए ऐसे संस्थाओं का मानव सेवा के लिए आगे आना अति आवश्यक है। शिविर में निशुल्क कैल्शियम जांच भी डाक्टरो द्वारा की गई। शिविर में पूर्व गया शिविर में सदस्य हेमंत चिलाना ,सोनू कपूर ,सनी अदलखा ,प्रशान्त शाही, अमित चिलाना ,सोनू पाहुजा ,राज चौधरी ,अमन अरोरा ,शिवम् तागरा ,जगदीश बिष्ट ,हर्षित अदलखा आदि सदस्य भी रक्तदाताओ में सम्मलित रहे।

# धूमधाम से मनाया होली का पर्व

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने आवास पर होली धूमधाम से मनाई। उनके आदर्श कॉलोनी आवास पर होली मिलन कार्यक्रम में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होना शुरू हो गए हैं और आवास पर होली की धूम मची रही। इस दौरान ठुकराल ने सभी को होली की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उधर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के आवास पर रंगों का त्योहार होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से राजनीति से जुड़े हुए कार्यकर्ता, व्यापारी, मीडिया से जुड़े हुए पत्रकार बंधु, सामाजिक, धार्मिक, संगठनों से जुड़े हुए लोग,और बस्तियों से आए सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा को गुलाल लगाया, और होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने अपने आवास पर आए लोगो और सभी प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व होली की बहुत बहुत शुभकामनाएं दी हैं।





# कमरे में फांसी पर लटका मिला युवक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं मौहल्ला जगतपुरा में अज्ञात कारणों से एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे कमरे में फांसी लटका देखा तो चीख पुकार हो गई। आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला जगतपुरा वार्ड 5 निवासी 26 वर्षीय शिशुपाल पुत्र भगवानदास अपनी पत्नी अनीता, पिता भगवानदास, मां विमला देवी, तीन भाईयों भूपराम, विनोद व हरीश तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। बताया जाता है कि गत दिवस सारे परिवार ने मिलकर होली का पर्व मनाया था। सायं करीब 7.15 बजे शिशुपाल



अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद जब परिजन उसे बुलाने गये तो कमरा भीतर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला तो परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोलकर भीतर देखा तो वहां शिशुपाल फांसी पर लटका मिला। उसे इस हालत में देख परिजनों ने शोर मचाया। शिशुपाल को फांसी से उतार कर परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक शिशुपाल का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व ग्राम एरो तहसील शीशगढ़ बरेली निवासी अनीता के साथ हुआ था । उसकी कोई संतान नहीं थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को खुलासा हो सकेगा।

# हिंदू रक्षा वाहिनी के सदस्यों को बांटे आईडी कार्ड

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। रविवार को हिन्दू रक्षा वाहिनी शक्तिफार्म के मुख्य कार्यालय (टैगोरनगर) मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दू रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश विश्वास उपस्थित रहें। कार्यक्रम में हिंदू रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश विश्वास द्वारा सभी सदस्यों को हिंदू रक्षा वाहिनी का टीशर्ट व आईडी कार्ड वितरित किया गया, साथ ही कुछ नये सदस्यों को जोडा भी गया। होली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसके बाद हिंदू रक्षा वाहिनी के सभी कार्यकर्ता द्वारा एक विशेष प्रोग्राम के तहत सिरसा रोड में स्थित वानरों को फल वितरित किया गया। कार्यक्रम में हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश विश्वास , शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष रवि सरकार , उपाध्यक्ष प्रभु शंकर बनर्जी, उपाध्यक्ष मिथुन मंडल , महामंत्री दीपक हालदार , महानंद सरकार, वरिष्ठ मंत्री समीर साना , वरिष्ठ मंत्री अभिषेक प्रमाणिक, मंत्री पवित्र, सपन पल्ले , सरजीत सरदार , मीडिया प्रभारी विकास सरदार, सोशल मीडिया प्रभारी असीम सरदार, सह सोशल मीडिया प्रभारी गोविंद प्रमाणिक , सोशल मीडिया सदस्य संजय सरदार, वरिष्ठ सदस्य दीपक विश्वास , नंदू मिस्त्री , जीवन मंडल , दीपांकर अधिकारी , सदस्य राजेश मंडल , सनी दयाल ,राज राय , राजीव आदि मौजूद रहे ।



# 28 को निकलेगी साईकिल रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है ।जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि इसी क्रम में आगामी 28 मार्च को पर्यटन विभाग द्वारा प्रात: 08 बजे से 11 बजे तक विकास भवन से मुख्य बाजार होते हुए वापस पर्यटन कार्यालय तक मतदाता जागरूकता साईकिल रैली निकाली जाएगी तथा 30 मार्च को बौर जलाशय गूलरभोज में प्रात: 10 बजे से 01 बजे तक मतदाता जागरुकता जल क्रीड़ा का भी आयोजन किया जाएगा । उन्होंने चुनाव के पर्व में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील की है।

# नीलकंठ धाम में सजा दरबार, जमकर खेली होली

## दरबार में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट ने भी पहुंचकर लिया आशीर्वाद और खेली होली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड शैलजा कालोनी स्थित नीलकंठ धाम में रविवार को भव्य दरबार एवं फूलों की होली धूमधाम से मनाई गयी। दरबार में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट ने भी पहुंचकर दूत महाराज का आशीर्वाद लिया और फूलों की होली का आनंद लिया। नीलकण्ठ धाम होली के उपलक्ष्य में बालाजी महाराज का विशाल दरबार सजाया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रभु का गुणगान किया और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर रंगों एवं फूलों की होली भी खेली गयी। जिसमें सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट भी पहुंचे। उन्होंने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होनें कहा कि होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे के साथ रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व भी है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी



सौहार्द की भावनाओं का भी पर्व है। आगामी लोकसभा के चुनाव में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार पुनः पीएम बनेंगे। आगामी 19 अप्रैल को लोकतंत्र के पर्व में भी सभी मतदाता मतदान कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में भागीदारी निभायें। कार्यक्रम में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के अलावा भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, राजकुमार खनिजो, जिला महामंत्री अमित नारंग,पम्मी सुखीजा, सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, सुशील चौहान, सुनील ठुकराल, सचिन खुराना, जगदीश बठला, हरवेश मनोचा, मुकेश शर्मा, संदीप मनोचा, करुण गुप्ता, दीपक शर्मा, पवन रंगीला, पवन खनिजो, विनीत अरोड़ा, अमित, कपिल, राघव शर्मा, गौरव खुराना, अनुज शर्मा, ललित नारंग, हनीश रैलन, आशुतोष शर्मा, चांद किशन शर्मा, अमन खुराना, सनी खुराना, गीतू शर्मा, नीलू खुराना, संगीता बठला, प्रिया मनोचा आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।







## अखण्ड महानाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 05 मुखर्जी नगर में राधा कृष्ण महानाम संकीर्तन सभा कमेटी द्वारा आयोजित अखण्ड नाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर संकीर्तन सुना और भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री ठुकराल ने कहा कि अखण्ड नाम संकीर्तन का आयोजन सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति मजबूत होती है और समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि महानाम संकीर्तन



जहां भी होता है वहां पर कई बुराईयां दूर हो जाती है। कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सही राह दिखाते हैं। श्री ठुकराल ने ऐसे आयोजनों में अपना हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व आनन्द शर्मा, दीपक सागर,बंटी कोली का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीराम सम्प्रदाय दिल्ली ,राधे-राधे सम्प्रदाय मियापुर उत्तर प्रदेश ,राधे कृष्ण सम्प्रदाय दिनेशपुर , हरिचाँद गुरुचाँद सम्प्रदाय सुंदरपुर ,श्री गुरु सम्प्रदाय सुंदरपुर,श्री गणेश गोपाल सम्प्रदाय रामनगर आदि कीर्तन मंडलियों में संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वलाई विश्वास परिमल राय राहुल वर्मा सुनाई मंडल आदि लोग उपस्थित थे।

## भाविप हल्द्वानी की कमान फिर से भवानी शंकर को सौंपी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना के बाद परिषद के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रुद्रपुर से आए चुनाव अधिकारी एवं प्रांतीय संरक्षक विजय भूषण गर्ग द्वारा वार्षिक चुनाव संपन्न कराए गए। जिसमें सर्व सम्मति



से दूसरी बार भवानी शंकर नीरज को अध्यक्ष, अभिषेक मित्तल को सचिव और अमित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने कहा कि हल्द्वानी शाखा पिछले दो वर्षों से पूरे प्रांत में अपने धरातल पर किए गए कार्यों की वजह से प्रथम स्थान प्राप्त कर रही है। आगामी वर्ष में भी इस इस क्रम को जारी रखा जाएगा। इस मौके पर पाला मेहता, डॉक्टर अतुल राजपाल, डा एनके मेहता, हेमा बिष्ट, डा. निधि गुप्ता, जितेंद्र साहनी, हरिमोहन अग्रवाल, तरुण बंसल, विवेक कश्यप, नीतू देवल, मीनू गुप्ता, साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, दिपिंका अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, डा. पुनीत गोयल, नीतू अग्रवाल, अतुल अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## हरि नाम श्रवण से मन में होती है शांति की अनुभूति : शिव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। पिपलिया न 2 में श्री राधा कृष्ण मंन्दिर पर आयोजित अखण्ड नाम कीर्तन में पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का आयोजित कमेटी द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। वही विधायक शिव अरोरा ने कीर्तन में पहुँचकर श्री राधा कृष्ण का आशीर्वाद लिया व समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। वही विधायक शिव अरोरा ने हरी नाम के कीर्तन का श्रवण किया उन्होंने कहा कि हरि नाम की धुन सुनने मात्र




से मानव जीवन का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष अखण्ड नाम कीर्तन में आते है। संकीतन में जिस प्रकार से भक्तिमय रस में डूब के भगवान का सम्मरन किया जाता है वह अलोकिक है। ऐसे आयोजन से हमारी संस्कृति ओर समाज दोनो मौजूद होते है और भगवान कृष्ण के नाम जपने से मन मे ईश्वर की अनुभूति होती हैं। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग,जगदीश विश्वास, अरुण खुराना, सुब्रत बछाड,शंकर, रोबिन, मुकेश, अरविंद, मयंक कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# कई प्रधान और बीडीसी सदस्य समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल





रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के प्रयासों से भाजपा चुनाव कार्यालय में कई प्रधान ,बीडीसी सदस्यों और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपने सैकड़ो समर्थको के साथ लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा समेत अन्य भाजपा नेताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने दावा किया कि ग्रामीण क्षेत्र में कई बूथों पर विपक्षी दलों का खाता भी नही खुलेगा। कहा कि कांग्रेस पार्टी डूबता जहाज है जहाँ अब कोई रहना नही चाहता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिये ओर लोकसभा से अजय भट्ट को ऐतिहासिक मतों से विजय दिलाने के लिये भाजपा का दामन थामा है। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने भाजपा में आये लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि देश मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से पूरा विश्व प्रभावित है ओर देश में दूसरे दलों से भाजपा में आने की होड़ लगी हुई है जिसका परिणाम है राष्ट्र स्तर से लेकर एक गांव के प्रधान तक कांग्रेस और विपक्षी दलों का साथ छोड़ रहे हैं जिसके चलते बडी संख्या ने हमारे रुद्रपुर ग्रामीण क्षेत्र के लोगो द्वारा भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की है, निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव आयोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिताने के लिये सभी कार्यकर्ता कमल के फूल को अपने अपने क्षेत्र से जिताकर भेजेंगे। भट्ट ने कहा उत्तराखंड में हम सभी सीटे बड़े अंतर के साथ जीत दर्ज करने जा रहे है और यह विपक्ष भाजपा के कार्यकताओ के आगे बोना साबित होगा। भाजपा में शामिल होने वालों में विक्रम सिंह प्रधान लम्बाबड़, गुरनाम सिंह प्रधान नारायणपुर, इंद्रपाल सिंह प्रधान आनंद खेड़ा, मुकेश राणा प्रधान खटोला, विशन सिंह प्रधान खानपुर, सुखदेव सिंह बीडीसी अमरपुर,मनोज मिस्त्री पूर्व पूर्व प्रधान आनंद खेड़ा, अंकित बठला, बीडीसी महेंद्र सैनी, विप्लव विश्वास, उप प्रधान महतोष विनोद सिंह, पूर्व प्रधान अलखदेवी नरेश टपाली, पूर्व प्रधान शिवपुरी गौरव मालाकार, वार्ड मेंबर कमलेश मिस्त्री, वार्ड मेंबर कीर्ति राय, वार्ड मेंबर अनूप सरदार, उप प्रधान आनंद खेड़ा राजेंद्र चौधरी, प्रधान बाग वाला प्रमोद बोरापुर, बीडीसी भारत मिश्रा और उप प्रधान बाग वाला, योगेंद्र तिवारी, पूर्व प्रधान बाग वाला अजीत सोलंकी, पंकज ओझा, रामदयालु सिंह, पूर्व अध्यक्ष के विक्रय,गुरु दयाल सिंह पूर्व डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक, दिनेश भंडारी पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति फौजी मठकोटा, विक्की सिंह प्रधान धरमपुर, कुलविंदर सिंह, लकीपुर प्रधान धरमपुर प्रेम सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान धरमपुर संजय सिंह, बबलू , हरजीत सिंह पूर्व डायरेक्टर क्रय विक्रय समिति, कृपाल सहाय और डायरेक्टर सहकारी समिति फौजी मटकोटा शिव शंकरपुर डायरेक्टर सहकारी समिति योगेंद्र गिरी,देवेंद्र मंडल मनदीप सिंह,जॉनी भाटिया, लाडी भाटिया, रवि शंकर शाह, कमल जोशी, अक्षय कुमार, भारत सिंह, शंकर वर्मा, सौरभ बिष्ट, कमल सिंह, शैलेश सिंह, नीतिश गुप्ता, मालिक कालोनी पार्षद सुनीता मुंजाल, सचिन मुंजाल व बड़ी संख्या में समर्थकों ने भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की।इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, दर्जामंत्री ऊत्तम दत्ता,विधानसभा सह संयोजक सुरेश कोली , अमित नारंग, प्रीत ग्रोवर, मानस जायसवाल, मंयक कक्कड़, राजेश बजाज, जगदीश विश्वास, हरीश भट्ट, किरन विर्क,धीरेंद्र मिश्रा, मनोज मदान, रामपाल, राजेश कामरा, प्रमोद मित्तल, अशोक नेगी व अन्य लोग

# निजी स्कूलों की मनमानी फिर शुरू

## महंगी कॉपियां और किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को किया जा रहा मजबूर

किच्छा(उद संवाददाता)। पब्लिक स्कूलों के द्वारा अभिभावकों को फिर से चूना लगाने का नया तरीका इजाद कर लिया है। किताबों में एनसीईआरटी के हस्तक्षेप के बाद अब पब्लिक स्कूलों के प्रबंधक मंडल द्वारा शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को एक नया फरमान जारी कर दिया है जिसके तहत शिक्षा अध्ययन कर रहे छात्रों एव छात्राओं के अभिभावकों को वही कॉपियां परचेज करनी है जिस कॉपी में संबंधित स्कूल का नाम प्रिंट किया हुआ हो इसका खामियाजा अभिभावकों को एक मोटी रकम चुका कर भरना पड़ रहा है। मनमाने बुल सेलरों से महंगी कापियां और किताबे खारीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है। जानकारी में आया है कि क्षेत्र एवं आसपास जितने भी पब्लिक स्कूल है जो कि कक्षा नर्सरी से लेकर इंटर तक की क्लासेस संचालित कर रहे हैं द्वारा कॉपी में अब अपने स्कूलों का नाम प्रिंट करा कर निश्चित मूल्य पर अभिभावकों को खरीदने पर मजबूर कर रहे हैं जबकि बिना प्रिंटिंग वाली कॉपी 20 से 30% छूट पर उपलब्ध हो जा रही है कुछ अभिभावक ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों द्वारा उन कापियों को वापस कर दिया जा रहा है जिनमें स्कूल का नाम प्रिंट नहीं हुआ हो तथा अभिभावकों पर वही कॉपियां खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है जिस पर संबंधित स्कूल का लोगो नाम व उनके द्वारा दिया गया। टाइटल प्रिंट हो ऐसा क्यों किया जा रहा है अभी तक इस संबंध में कोई भी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक का वक्तव्य प्राप्त नहीं हो रहा है। ज्यादातर पब्लिक स्कूलों के प्रबंधन तंत्र एवं प्रिंसिपल ने इस संबंध में कोई भी टिप्पणी नहीं की है लेकिन अपने बच्चों को उच्च शिक्षा पढ़ने का सपना संजोए मध्यवर्गीय परिवार की अभिभावकों के जेब से भारी मोटी रकम का बोझ डाला जा रहा है। गौर तलब है कि पब्लिक स्कूलों द्वारा पूर्व में किताबों के नाम पर अभिभावकों से प्राइवेट किताबें खरीदने पर भारी भरकम रकम खर्च करवाई जा रही थी इस पर एनसीईआरटी ने संज्ञान लेते हुए पब्लिक स्कूलों को गाइडलाइन जारी करते हुए अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था। किंतु अब पब्लिक स्कूलों द्वारा नए तरीके से अभिभावकों को परेशान करने तरीका ईजाद किया हुआ है। जिसमें अब कॉपियां खरीदने पर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मंडल द्वारा निर्धारित स्थान के आधार पर ही कॉपियां खरीदना आवश्यक है। जानकारी में आया है कि कुछ पब्लिक स्कूलों के द्वारा अपने नाम और लोगों की कॉपियां भी प्रिंट करवा दी गई है जो की मार्केट में भी उपलब्ध है। कुछ अभिभावकों का कहना है कि शहर में सेंट पीटर स्कूल ही एक मात्र ऐसा स्कूल है जिसकी कॉपियां और किताबें पूरे शहर में उपलब्ध है जबकि अधिकांश पब्लिक स्कूलों द्वारा बुक और किताब वितरण का स्थान निर्धारित किया गया है जहां पर किताबें और कॉपियां के दाम भी निश्चित है जिनमें किसी भी प्रकार का छूट प्रदान नहीं की जाती है। अभिभावकों का कहना है कि उन्हें इस बात से कोई आपत्ति नहीं है कि कॉपी में किस स्कूल का लोगों या एड्रेस प्रिंट हो उन्हें बाजार मूल्य के हिसाब से कॉपी और किताबें उपलब्ध होनी चाहिए। अभिभावकों ने इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधि कारियों मुख्य शिक्षा अधिकारी से करने का भी निर्णय लिया है हालांकि अभी लिखित रूप में शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी या मुख्य शिक्षा अधिकारी को नहीं दी गई है। इस संबंध में मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत से संपर्क नहीं हो पाया जबकि जिला शिक्षा अधिकारी से वार्ता पर उन्होंने बताया कि अभी तक उनके संज्ञान में ऐसा प्रकरण नहीं आया है यदि ऐसा संज्ञान में आता भी है तो आम जनता के जेब पर बोझ नहीं डालने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों के द्वारा कॉपियां पर अपना नाम प्रिंट कराया जाना कोई कानूनी अपराध तो नहीं है किंतु यदि कॉपियों पर या किताबों पर अन्य पब्लिकेशन के मुकाबले ज्यादा मूल्य लिया जा रहा है तो उस पर कार्यवाही की जा सकती है किंतु यह कार्यवाही शिकायत होने पर ही की जाएगी।

## महेंद्र आर्य समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के समक्ष पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य ने अपने दर्जनों संमर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक शिव अरोरा ने सभी को पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा चुनाव के इस पर्व में एक के बाद एक आए दिन भाजपा परिवार ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व पार्षद अपने समर्थन के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजय भट्ट लोकसभा प्रत्याशी को पूर्ण निष्ठा से अपने समर्पण भाव से बीजेपी को मजबूत करने संकल्प से पार्टी की सदस्य ग्रहण की। विधायक ने कहा कि यह चुनाव कई माईनो में ऐतिहासिक होने जा रहा है। हम नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा ऐतिहासिक मतों के साथ रुद्रपुर विध ानसभा रिकार्ड मतों के साथ जीतने जा रहे हैं इस दौरान शामिल होने वालों में पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य, कमल राणा, सूरज आर्य, परविंदर सिंह, हर्ष कुमार,पवन आर्या, दर्शन, ऋषभ ,राकेश शर्मा ,भूपेंद्र आर्य ,,अरुण बब्बर, अखिलेश शर्मा ,आदित्य आर्य, पीयूषआर्य ,अजय गुप्ता, हिमांशु आर्य ,रविंद्र मोहन ,अक्षत चंद्र शामिल हुए। कार्यक्रम में लोकसभा सयोजक विवेक सक्सेना, विधानसभा सहसंयोजक सुरेश कोली,जिला महामंत्री अमित नारंग, भारत भूषण चुघ, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राजेश जग्गा,सुशील गाबा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, ललित मिगलानी, राम प्रकाश गुप्ता, बिट्टू चौहान, आदेश भारद्वाज व अन्य लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया दूधिया बाबा का जन्म दिन

रूदपुर (उद संवाददाता)।श्री दूधिया बाबा मंदिर के संरक्षक महंत श्री श्री 108 श्री शिवानंद महाराज जी का जन्मदिन धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, केव केवशर्मा, रवि कठेरिया, कमलेश गुप्ता,गजेंद्र सिंह,राजीव यादव,राजेंद्र शर्मा,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने श्री दूधिया मंदिर आश्रम पहुंचकर श्री श्री 108 श्री शिवानंद महाराज जी को उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी।इध र श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने श्री शिवानंद महाराज जी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और उन्हें शॉल ओढ़ाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।



## कश्यप महासभा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कश्यप महासभा नगर इकाई द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे समाज के बच्चों व युवाओं द्वारा कई रंगारंग प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेंद्र कश्यप ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किशोरी लाल कश्यप, धर्मपाल कश्यप, अशोक कश्यप, अनिल कश्यप, रामप्रसाद कश्यप, जानकी प्रसाद कश्यप, ओम शंकर कश्यप, हरिराम कश्यप, श्याम कश्यप, विनोद कश्यप, पंकज कश्यप, सोनू कश्यप, अमित कुमार कश्यप, अशोक कश्यप और बड़ी संख्या में कश्यप समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन कमल कश्यप ने किया।



## कमिश्नर दीपक रावत के आवास पर बिखरे होली के रंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होली पर्व पर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत द्वारा अपने सरकारी आवास पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुमाऊं मंडल के सभी अधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वही पत्रकारों द्वारा कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई। होली के दिन सभी अधिकारी व पत्रकारों ने जमकर डांस किया। इस दौरान एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा सहित कुमायूं क्षेत्र के कई प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी परिवार सहित मौजूद रहे।



## विद्यार्थियों ने दिखाया विज्ञान प्रदर्शनी में हुनर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय ट्रांजिट कैंप स्थित ब्रिलिएंट एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने सौरमंडल, पर्यावरण , स्वसन तंत्र, हृदय आंतरिक संरचना ,प्रकाश संश्लेषण, घनमूल वर्गमूल, विद्युत उपकरण, परितंत्र, पीएच स्केल अम्ल ओर क्षार ,मस्तिष्क की आंतरिक संरचना, पाचन तंत्र, कंकाल तंत्र आदि मॉडल तैयार करके विद्यालय परिषद में अलग- अलग स्टॉल लगाया गया एवं विद्यालय के अन्य छात्रख्र छात्राओं को निर्मित के संदर्भ में विस्तृत रूप से समझाया गया। प्रदर्शनी को आए हुए अतिथि एवं अभिभावको ने काफी सराहा एवं विद्यार्थियों में काफी उत्साह एवं रुचि देखी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के इस प्रकार के प्रतियोगी एवं विज्ञान प्रदर्शनी से आत्मविश्वास एवं कार्य दक्षता के प्रति अग्रसर होने का एक प्रमुख मार्ग है। समय- समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं करना अति आवश्यक है। इस कार्य के लिए विद्यालय की प्रध ानाचार्य श्रीमती बुलबुल राय एवं विज्ञान प्रदर्शनी के अहम भूमिका एवं योगदान देने वाली शिक्षिका सीमा सिंह निषाद की भी सराहना की। विद्यार्थियों की मेहनत एवं लगन को नियंत्रण जारी रखने के साथ- साथ उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रदर्शनी में अनमोल शर्मा, दीपक गंगवार, प्रशांत गौतम, प्रिंस तिवारी, प्रतिभा तिवारी, नैंसी सरकार, धीरज राय, खुशी प्रजापति, अंश, अनुराग, तरुण, सोनू , रोहित उपाध्याय एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकागणों में दुर्जन लाल कश्यप, गोपाल कृष्ण, रोहित कुमार सिंह, गायत्री श्रीवास्तव, सुमन देवी, अशोक कुमार, प्रीति सैनी, राधिका गुप्ता, शांति आर्य , अनुपमा सिंह, आरती आदि उपस्थित रहे।



## डॉ.सोनू बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

गदरपुर (उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए डॉ विप्रजीत विश्वास सोनू को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ काशीपुर का जिला संयोजक बनाया है। नगर के गुरुद्वारा मार्किट में आयोजित कार्यक्रम में डॉ सोनू विश्वास को पुष्पमालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की संतुति पर डॉ सोनू विश्वास को चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया है उन्होंने कहा आज भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष मण्डल अपने सक्रिय ओर कड़ी मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओ को एहम जिम्मेदारी सौंप रही है उन्होंने डॉ सोनू विश्वास को जिला संयोजक बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही मिशन 2024 में विधानसभा गदरपुर से लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को 50 हजार वोट से विधानसभा गदरपुर से जिताने का आशीर्वाद उपस्थित जनता से मांगा। डॉ सोनू विश्वास ने सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा शीर्ष मण्डल व पार्टी के समस्त पदाधिकारियों ने उनपर विश्वास जताते हुए जो दायित्व उन्हें सौपा है वह कड़ी मेहनत और ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।उन्होंने कार्यक्रम में आये समस्त चिकित्सको एव भाजपाइयों का भी ध न्यवाद अर्पित करते हुए आभार प्रकट किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अभिषेक गुंबर,मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, डॉक्टर ओम प्रकाश खुराना ,डॉ राजकुमार मिगलानी, राकेश भुड्डी बन्टी ,पंकज सेतिया, डॉक्टर के ए गुप्ता ,डॉ गौरव श्रीवास्तव, अरुण बठला ,राहुल चंद्रा ,कपिल चंद्रा, डॉ अजय श्रीवास्तव ,चिंतन अरोड़ा, राजेश शुक्ला, डॉ गणपति विश्वास, सुभाष खुराना, नवीन चंद्रा ,अरविंद पाल, डॉ ललित मलिक, जसबीर सिंह चीमा, आशीष भारद्वाज, राजीव शर्मा ,विजय अरोड़ा, भगवान दास गुप्ता, संजीव शर्मा, राकेश कंबोज सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### आतंकवाद और बदहाली

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान दोहरा रवैया अख्तियार करता रहा है। एक तरफ तो वह भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करता रहा है, मगर दूसरी तरफ अपने ही बलूचिस्तान इलाके में आतंकवाद से लड़ना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद शहर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने हमला किया और गोली बरसाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी नाम के आतंकी संगठन ने ली है। सैनिक ठिकानों या फिर चीनी नागरिकों पर ये हमले नए नहीं हैं और न ये केवल बलूचिस्तान प्रांत तक सीमित हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी वहां इस कदर ताकतवर है कि वह जब-तब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को चुनौती देती रहती है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने बलूचिस्तान प्रांत से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के इरादे से हर तरह के कड़े कदम उठाए हैं, वहां के बेगुनाह लोगों पर भी खूब अत्याचार किए हैं, मगर उनके इरादे कमजोर करने में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है। दरअसल, बलूचिस्तान प्रांत के लोगों का मानना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्रांत के हितों की अनदेखी करती है। फिर, उस इलाके के लोग पाकिस्तान में चीन की बढ़ती दखल का पुरजोर विरोध करते रहे हैं। उनका कहना है कि चीन उनके इलाके में घुस कर उनके संसाधनों का दोहन कर रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे' के तहत कई परियोजनाएं चल रही हैं। बलूचिस्तान प्रांत के लोग उनका विरोध करते रहे हैं। इससे पहले भी चीनी नागरिकों पर कई बार हमले हो चुके हैं। ताजा हमला उसी की एक कड़ी है। मगर पाकिस्तान हुकूमत की मजबूरी यह है कि वह इन परियोजनाओं के नाम पर चीन से काफी पैसा ले चुकी है और इन दिनों जिस आर्थिक बदहाली के दौर से देश गुजर रहा है, उसमें वह चीन का दामन छोड़ नहीं सकती। चीन से उसकी दोस्ती न केवल आर्थिक कारणों से, बल्कि भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्तों की वजह से भी है। चीन से दोस्ती करके वह भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कोशिश करता है, मगर हकीकत यह है कि अपनी इस लचर रणनीति में वह खुद चीन के पंजे में अपनी गर्दन फंसा चुका है। अगर वह बलूचिस्तान प्रांत के लोगों के विरोध पर गंभीरता दिखाता, तो शायद आतंकवादी उसे अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर पाते। बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवाद इतना ताकतवर हो चुका है कि उसके चलते पाकिस्तान को ईरान और अफगानिस्तान के साथ रिश्तों में संतुलन साधना भी कठिन हो गया है। कुछ महीने पहले ही ईरान ने बलूचिस्तान प्रांत के कुछ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी उसके इलाके में हवाई हमले किए। विचित्र है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरुद्ध जंग छेड़ने की बात उठती है, तो पाकिस्तान उसमें सहयोग करने का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि वह आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। पाकिस्तान खुद भी इस बात से वाकिफ है कि उसकी तरक्की के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा आतंकवाद है, मगर वह उस पर अंकुश लगाने को लेकर कभी संजीदा नजर नहीं आता।

# अजय भट्ट ने संघर्षों से बनाई राजनीति में अलग पहचान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के रण में नैनीताल उधम सिंह नगर सीट से दूसरी बार भाग्य आजमा रहे अजय भट्ट लम्बे संघर्षों के बाद इस मुकाम तक पहुंचे हैं। सरल एवं सहज



स्वभाव के धनी अजय भट्ट जनता के बीच आज एक अलग छवि बना चुके हैं। अजय भट्ट का जन्म 1 मई, 1961 को अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में हुआ था। बचपन से ही वे मेहनती, आत्मविश्वासी और जुझारू रहे हैं। कम उम्र में ही उन्होंने अपने पिता और दो बड़े भाइयों को खो दिया। उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने रानीखेत के माँ दूनागिरी और हैड़ाखान बाबा मन्दिरों में छोटी-छोटी दुकानें लगाकर चाय, चूड़ी-बिंदी और सब्जी आदि बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण किया, साथ ही अपनी पढ़ाई भी जारी रखी। उन्होंने अल्मोड़ा कॉलेज में मैस चलाकर अपनी एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने गरीबी को नजदीकी से देखा। उन्होंने वकालत शुरू की और अपनी पहचान एक अच्छे अधिवक्ता के तौर पर बनायी। कॉलेज के दिनों से ही अजय भट्ट का जुड़ाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से रहा और वे सक्रिय राजनीति में उतरे। वर्ष1985 से ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष व कई अन्य पदों पर रहे। वर्ष 1985 से भाजपा की कार्यसमिति के सदस्य बने व अल्मोड़ा जिले में उत्तरांचल प्रदेश संघर्ष समिति, केसरिया वाहिनी, प्रदेश सदस्यता अभियान आदि के प्रमुख रहे। संगठन पर उनकी पकड़ को देखते हुए पार्टी ने जल्द ही प्रदेश मंत्री और महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 1996 में पहली बार उन्होंने रानीखेत से चुनाव जीतकर उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे उत्तर प्रदेश विधानसभा में लोक लेखा समिति व सीपीए के सदस्य तथा विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के सभापति का दायित्व निभा चुके हैं। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बनने पर भी उन्होंने वर्ष 2002, 2007 और 2012 में चुनाव जीतकर बतौर विधायक उत्तराखंड विधानसभा में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। प्रदेश में जब भी भाजपा की सरकार रही, उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। बतौर मंत्री उनकी परफॉर्मेंस हर बार शानदार रही। बतौर स्वास्थ्य मंत्री उन्होंने सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर सख्ती से रोक लगायी जिसकी आज भी प्रशंसा होती है। वे कांग्रेस शासन के दौरान नेता प्रतिपक्ष रहे और वर्ष 2019 के संसदीय चुनाव में उन्होंने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से मुख्यमंत्री रहे। हरीश रावत जैसे दिग्गज को साढ़े तीन लाख वोटों से हरा कर अपनी लोकप्रियता का डंका बजा दिया। बतौर सांसद उन्होंने पहले कार्यकाल में ही दिखा दिया कि वे सदन के कार्यों में खासे सक्रिय हैं। उन्होंने दो सत्रों के दौरान ही 15 बहसों और 5 विशेष उल्लेख की चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी निभायी। उन्होंने स्वास्थ्य, सड़क परिवहन और रेलवे आदि से संबंधित 10 प्रश्न पूछे। सदन में उनकी उपस्थिति 99 प्रतिशत रही है। अजय भट्ट सामाजिक जीवन में काफी सक्रिय रहे हैं। भाजपा ने उनकी कार्यशैली और जनता से जुड़ाव को देखते हुए फिर से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। इस बार चुनावी रण में अजय भट्ट का मुकाबला कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी से है। प्रकाश जोशी अनुभव के मामले में अजय भट्ट से काफी पीछे हैं। लेकिन फिर भी अजय भट्ट चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ रहे हैं।

# एनीमिया की जांच के लिए लगाया कैंप

गदरपुर (उद संवाददाता)। एनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं पोषण अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज शर्मा के दिशा निर्देश पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव सरना के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर की टीम द्वारा विशिष्ट समर्पित टी 3 कैंप-टेस्ट ट्रीट एंड टॉक अप्रोच के साथ ग्राम सभा बुक्सौरा में किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के प्रभारी डॉ विकास सचान ने बताया कि एनीमिया (रक्ताल्पता- खून की कमी) को दूर करने के लिए यह एक समर्पित कैंप है जिसमें की टी 3 अर्थात टेस्ट( डिजिटल हिमोग्लोबिनोमीटर द्वारा) ट्रीट (आयरन फोलिक एसिड टैबलेट एवं आयरन सिरप द्वारा) और टॉक (समुदाय में एनीमिया के कारण एवं उनसे बचने के उपाय के बारे में चर्चा करना) अभियान का हिस्सा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला



चिकित्सक डॉ रेखा रानी ने किशोर-किशोरियों,महिलाओं एवं बच्चों में होने वाली रक्त अल्पता के लक्षणों एवं एनीमिया की कमी से नवजात बच्चों में होने वाली बीमारियों के बारे में चर्चा की एवं एनीमिया को दूर करने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी ।आरकेएसके काउंसलर राधा मिग्लानी ने एनीमिया से बचने हेतु अपने भोजन में प्रयोग किए जाने वाले फल साग-सब्जी आदि के बारे में बताया एवं उनके पोषण मूल्यों के बारे में जानकारी दी। कैंप में श्रीमती विमला रानी,सोनिया वैद्य स्टाफ नर्स आरबीएस, श्रीमती भारती साहू आंगनवाड़ी सुपरवाइजर , श्रीमती पूनम, कुसुम, गीता मौर्या आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, श्रीमती गीता देवी आंगनवाड़ी सहायिका, द्वारा सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह बिष्ट ,सहायक अध्यापक कुलशेखर, कशिश, अन्नू गुप्ता ,पलक पूजा ,सिमरन आदि थे। फार्मासिस्ट आतिश कालरा ने बताया कि कैंप में 126 लोगों की एनीमिया की जांच की गई।एनीमिया के लक्षण वालों हेतु आयरन टेबलेट का वितरण किया गया।

# सामाजिक ,आर्थिक और जाति आधारित जनगणना

एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के ऐतिहासिक रूख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था। अतएव इस परंपरा से पीछे हटना इंदिरा और राजीव की विरासत के अपमान के रूप में समझा जाएगा। परतंत्रता के दौरान फिरंगी हुकूमत ने पहली बार जातिवाद गिनती कराई थी। लेकिन स्वतंत्र भारत में नेहरू जी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसकी जरुरत को सिरे से नकार दिया था। मुख्यमंत्री नीतीष कुमार ने जोर-षोर से बिहार में केंद्र सरकार की इच्छा के विरुद्ध जातीय गणना कराई थी। तभी से राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन ने इसे मुद्दा बनाकर पूरे देश में जातिवाद गणना कराने की मांग शुरू कर दी है। लेकिन अब उन्हीं नीतिश कुमार ने राजग गठबंधन में शामिल होकर इस मांग को हाशिए पर डाल दिया है। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराया था, लेकिन उसके आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए है। यह गिनती इतनी जरूरी है तो राहुल इसी के आंकड़े क्यों उजागर करवा रहे ? कर्नाटक में तो उन्हीं की कांग्रेस सरकार है।यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद करते हैं। इसलिए जातिगत आरक्षण का प्रतिशत भविष्य में बढ़ाया जा सकता है ? नीतियां बनाने में भी जातीय गिनती की रिपोर्ट को अमल में लाया जा सकता है। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है ? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, जनता दल, जदयू जाति आधारित और असदुद्दीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम संप्रदाय आधारित हैं। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी ? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंध लगा रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में पिछड़ों का ही वर्चस्व है। स्वयं मोदी इसी वर्ग से आते हैं। इसी वर्ग के एचडी देवगौड़ा भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं। नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद



यादव और नीतीश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्ष के चरम पर पहुंची। डॉ राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागर किए और न ही नरेंद्र मोदी सरकार ने ? इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्ष से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले ? लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले, इस विषय पर एक राष्ट्रीय विमर्श कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्ष पर अमल करें। दरअसल जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है ? हालांकि भारत में 1931 की जातीगत जनगणना के आधार पर यह अनुमान लगाया गया था कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निष्कर्षत: कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी। राजस्थान में मीणा समुदाय, जहां समर्थ है, वहीं मध्य-प्रदेश में पिछड़ा है। इस कारण मध्य-प्रदेश में यह जाति आरक्षण के दायरे में आती है। साफ है, जातिगत गणना के परिणामों को संख्या बल के आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो समाज में विषमता के साथ कटुता भी उत्पन्न होगी। जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता ? क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। निजी क्षेत्र में भी आरक्षण देने की मांग की जा रही है। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती, तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता। एक समय आरक्षण का सामाजिक न्याय से वास्ता जरूर था, लेकिन सभी जाति व वर्गों के लोगों द्वारा शिक्षा हासिल कर लेने के बाद जिस तरह से देश में शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है, उसका कारगर उपाय आरक्षण जैसे चुक गए औजार से संभव नहीं है ? लिहाजा सत्तारूढ़ दल अब सामाजिक न्याय से जुड़े सवालों के समाधान आरक्षण के हथियार से खोजने की बजाय रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर निकालेंगे तो बेहतर होगा ? यदि वोट की राजनीति से परे अब तक दिए गए आरक्षण के लाभ का ईमानदारी से मूल्यांकन किया जाए,तो साबित हो जाएगा कि यह लाभ जिन जातियों को मिला है, उनका समग्र तो क्या आंशिक कायाकल्प भी नहीं हो पाया ? भूमंडलीकरण के दौर में खाद्य सामग्री की उपलब्धता से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं, उन्हें हासिल करना इसलिए और कठिन हो गया है, क्योंकि अब इन्हें केवल पूंजी और अंग्रेजी शिक्षा से ही हासिल किया जा सकता है ? ऐसे में आरक्षण लाभ के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अर्थाभाव में जरूरी योग्यता और अंग्रेजी ज्ञान हासिल न कर पाने के कारण हाशिये पर उपेक्षित पड़े हैं। अलबत्ता आरक्षण का सारा लाभ वे लोग बटोरे लिए जा रहे हैं, जो पहले ही आरक्षण का लाभ उठाकर आर्थिक व शैक्षिक हैसियत हासिल कर चुके हैं।

**-प्रमोद भार्गव: लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# यूसीसी कानून बनाकर सीएम धामी ने छोड़ी अमिट छाप: अजय भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य में जन हित के लिए सख्त कानून बनाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश में अमिट छाप छोड़ी है। यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अपने संविधान में कही। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में दंगा करने वाले असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। समान नागरिकता कानून का मतलब है सबको बराबर लाभ मिले। सबको बराबर कानून मिले सबको बराबर विकास मिलें हमें और हमारी सरकार ने बहुत अच्छा कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून भी बहुत अच्छा कानून हैं। पढ़ाकू बच्चा मेहनतकश बच्चों के भविष्य को संवारने का काम हमारी सरकार ने किया। श्री भट्ट ने धर्मांतरण कानून के लिए कहा कि गरीब लोगों बहला फुसलाकर और लालच देकर धर्म परिवर्तन करा दिया गया और उन्हें बाद में बेच दिया गया। महिलाओं को तीस प्रतिशत का आरक्षण सरकार ने दिया यह कानून नारी बंधन कानून महिलाओं के लिए बहुत ही अच्छा है। होम स्टे , सीएम हेल्पलाइन 1905, रोपवे और नैनीताल हाईवे





चौड़ीकरण आदि बड़े बड़े काम जल्दी ही हमारी सरकार लगातार कर रही है। खाद्य यान में सभी के लिए कोरोना में जिन बच्चों के मां बाप की मृत्यु हो गई है उनके लिए वात्सल्य योजना द्वारा बच्चों की खाने- पीने और शिक्षा की व्यवस्था सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख हमारी संगठन की रीड हैं। हमारी बूथ टोलिया बन चुकी है। हमारे संगठन सरकार के साथ लगातार सामंजस्य बनाकर सरकार को मजबूत करने के हमारा हर कार्यकर्ता मजबूती के साथ एक स्तम्भ की तरह खड़ा है। लेकिन हमें इस समय चाक चौबंद रहने और जनता तक हमारे कामों को पहुंचाना और जनता की कलास की परिक्षाओं में हमें पहले नम्बर पर पास होना है। इसलिए हमें हर प्रश्न का उत्तर सही से देने का समय आ गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने की। मंचासीन मंण्डी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तौलिया, विधायक राम सिंह कैड़ा, निवर्तमान मेयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, सरिता आर्या, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दिनेश आर्या, सचिन साह, चंदन बिष्ट मौजूद रहे। मंच संचालन विनीत अग्रवाल ने किया। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि चौबीस महिने मे 48 गारंटी। उन्होंने कहा सरकार हर तरफ से जन जन तक पहुंच कर जनता के लगातार काम कर रही है। पुष्कर सिंह धामी सरकार और अजय भट्ट मोदी सरकार में रात दिन काम में लगे हैं। हमें संगठन को और मजबूत करना है।अनिल कपूर डब्बू ने सरकार और श्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धामी सरकार जनभावनाओं को समझते हुए देवभूमि में लगातार विकास की ओर ले जा रहे हैं और हमें हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत प्यार आशीर्वाद लगातार मिल रहा है जिससे डबल इंजन सरकार जबरदस्त काम उत्तराखंड में कर रही है। निवर्तमान मैयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला ने कहा हर क्षैत्र में भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्य चल रहें। सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनकी जनसमस्याओं का निदान कर रही है। पेयजल, सड़क, हाईवे चौड़ीकरण, महिलाओं के सम्मान की बहुत सी योजनाएं सरकार चला रही है। गोष्ठी में प्रदीप बिष्ट, किशोर जोशी, प्रताप रेकवाल, हरिमोहन अरोड़ा, भुवन भट्ट, योगैश रजवार, नितिन राणा, अल्का जीना, राशि जैन आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री अद्धैत स्वरुप अनंत आश्रम में नौवें श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के उपलक्ष्य में नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। बुधवार को कुरुक्षेत्र से पधारे संत त्यगपुरी जी, संत ध्यानपुरी, संत व्यासपुरी के मार्गदर्शन में गूलरभोज रोड स्थित श्री पुरानत शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद करीब 61 महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली, डीजे की धुन पर कलश यात्रा गूलरभोज रोड से होते हुए रेड रोज कांवेंट स्कूल के पास स्थित श्री अद्धैत स्वरुप अनंत आश्रम पर पहुंची और यहां पर कलशों को स्थापित किया गया। आश्रम के परम भक्त अशोक बजाज ने बताया कि प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा के प्रवचन होंगे, 3 अप्रैल दिन बुधवार को कथा का विश्राम




(भोग) प्रात: 10 बजे तथा संतों द्वारा प्रवचन प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक परम स्नेही संत बाबा अगमपुरी जी महाराज जी द्वारा किया जाएग। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे लंगर भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर हंसराज ग्रोवर, विजय शर्मा, सोमनाथ बठला, संजीव झाम, हरि सिंह चौहान, राजकुमार मुंजाल, अजय ग्रोवर, उदय ग्रोवर, शाईना ग्रोवर, मनोज रघुवंशी, राकेश भुड्डी, विशु छाबड़ा, रमाकांत, दर्शन ठुकराल, धर्मवीर बजाज, राजेश मिगलानी, अशोक मिगलानी, बिशम्बर लाल, भगवान दास बठला, ओम प्रकाश बठला, राजेश पाल, राजन ठुकराल, गुलशन शर्मा, प्रमोद कुमार, सुशील बजाज, नीरज गण्डा, चन्नू, सागर, बब्बू, अनिल दुआ, स्वीर्ति चावला, बीना रानी, सीमा रानी, पारुल चावला, राखी, सुनीता, सरिता, ममता, सीमा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# सुमित मण्डल तीसरी बार बने अध्यक्ष

शक्तिफार्म( उद संवाददाता) शक्तिफार्म क्षेत्र के सुरेंद्रनगर स्थित तारकनाथ धाम में पवित्र चैत्र माह में विशेष पूजा व माह भर भक्तों का जमावड़ा रहता है। अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले शिव पूजा महोत्सव एवं पांच दिवसीय मेले के सफल संचालन के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी सुमित मंडल लगातार तीसरी बार सुमित मंडल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। रविवार को ग्रामसभा सुरेंद्रनगर स्थित बाबा तारकनाथ धाम के मंदिर प्रांगण में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शंभू साना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें शिव पूजा महोत्सव एवं पांच दिवसीय मेले के सफल



संचालन के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सुमित मंडल को अध्यक्ष, परेश मंडल को उपाध्यक्ष, मुकुल पोद्दार को सचिव, उज्जवल राय को उपसचिव, अनंत हालदार को मुख्य कोषाध्यक्ष, तापस मंडल, समीर साना, और राजीव मिरवर को आय कोषाध्यक्ष, सुशांत राय, जगदीश मंडल और दिनेश राय को व्यय कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान राजा हालदार, रंजीत हालदार,मिथुन मंडल, विक्की बैरागी, विजय सिकदर, सुकुमार विश्वास, सपन हालदार, दीपक बड़ाल, उत्तम शील ,कानू सरकार आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस सिर्फ औपचारिकता के लिए...** कर रहे हैं। लोगों में इस बात को लेकर भारी उत्साह है कि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम धामी ने कहा कि अजय भट्ट रिकार्ड मतों से लोकसभा में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जो काम आगे करने हैं वो पहले ही कह चुके हैं। तीसरे कार्यकाल में और बड़े फैसले होने वाले हैं। भारत दुनिया की बहुत बड़ी शक्ति बनने वाला है। हम सब जानते है कि उत्तराखण्ड के साथ पीएम मोदी का जो लगाव है वो किसी से छिपा नहीं है। कोई ऐसा अवसर नहीं है जब उन्होंने उत्तराखण्ड का जिक्र नहीं किया है। उत्तराखण्ड और यहां के लोगों को प्रोत्साहित करने का काम प्रधानमंत्री लगातार कर रहे हैं। उत्तराखण्ड उनके हृदय में बसता है। इसी लिए आज उत्तराखण्ड में कई परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। आज नरेन्द्र मोदी हर वर्ग को सशक्त बना रहे हैं, उन्होंने हर वर्ग के उत्थान की गारंटी दी है। किसान, नौजवान, महिलाएं सबको सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। हमारा राज्य उनके मार्गदर्शन हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हमने यूसीसी सबसे पहले लागू किया, नकल विरोधी कानून बनाया, अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाकर सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया है। मातृ शक्ति को नौकरी में तीस प्रतिशत आरक्षण दिया है। लखपति दीदी के रूप में आज महिलाएं आत्म निर्भर हो रही है। भाजपा सरकार ने दंगा रोकने के लिए कड़ा कानून बनाया है। इन्ही सब कार्यों के दम पर भाजपा प्रदेश में इस बार हैट्रिक बनायेगी। सीएम धामी ने कहा कि अभी आप लोगों ने होली मनाई है अब चार जून को दीपावली मनाने के लिए तैयार रहें। सीएम धामी ने कहा कि अजय भट्ट कर्मशील और जुझारू हैं वो लगातार यहां जनता के बीच रहे हैं और जनता के लिए हमेशा सर्वसुलभ हैं। सीएम धामी ने अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाने का आहवान किया। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का कद बहुत तेजी से बढ़ रहा है। पूरे देश में मोदी के नाम की लहर चल रही है। जनता ने चुनाव से पूर्व ही भाजपा के पक्ष में अपना रूझान देकर विपक्ष को दिखा दिया है कि श्री मोदी तीसरी बार भी देश के प्रधानमंत्री बन कर विश्व के सर्वशक्तिशाली नेता के रूप में उभर रहे है। श्री भट्ट ने अपने सम्बोधन की शुरूआत में मंच पर उपस्थित सभी भाजपा नेताओं का अभिवादन करते हुये कहा कि वह आज कुछ नही बोलेंगे जो बोलेगे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बोलेंगे। उन्होंने कहा कि श्री धामी ने आज उत्तराखण्ड में ही नही बल्कि पूरे विश्व में परचम लहराया है। वह जितने युवा है उतने ही सुन्दर भी है और उनके निर्णय भी उतने सुन्दर है। उन्होंने कहा कि आज श्री धामी के कठोर निर्णय की वजह से ही उन्हे धाकड़ धामी के नाम से पुकारा जाता है। श्री भट्ट ने धामी और संगठन का आभार जताते हुये कहा कि वह तो पहली बार के सांसद थे। फिर भी उन्हे इतना स्नेह दिया कि पहली लिस्ट में ही उनका नाम दे दिया गया। सभा में उपस्थित अपार जनसमूह से प्रसन्न श्री भट्ट ने कहा कि आप लोगों के प्यार और स्नेह ने भी दिखा दिया है कि आगामी मतदान दिवस पर फूल वाला बटन दबाकर आप श्री मोदी को तीसरी बाद प्रधानमंत्री बनाने जा रहे है। श्री भट्ट ने अपने सम्बोधन के अन्त में कहा कि नैनीताल और ऊधमसिंहनगर की जनता का प्यार और स्नेह इसी तरह उन्हे मिलता रहे। खुले मंच से श्री भट्ट ने ईश्वर से विनती करते हुये कहा कि प्रभु उन्हें काम,क्रोध ,मद, लोभ, दंभ,पाखण्ड,दुष्कर्मो और ईर्ष्या से बचाये रखे और उन्हे सुमति दे कि वह अपनी जनता के चरणों में रहकर उनकी दिन-रात सेवा करते रहे। जनसभा में प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा,महामंत्री संगठन अजय कुमार, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, विधायक गदरपुर अरविंद पांडेय, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, सरिता आर्य, विधायक काशीपुर त्रिलोक सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक हरभजन चीमा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, उत्तम दत्ता, अमित नारंग,अनिल चौहान, कमलेंद्र सेमवाल, ऊषा चौधरी, रामपाल सिंह,भारत भूषण चुघ, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, ललित मिगलानी, सुरेश कोली,साकेत अग्रवाल,विवेक सक्सेना,मजहर नईम नवाब, अनिल कपूर डब्बू, गजराज सिंह बिष्ट, मुनि भुसरी, लवली हुड़िया, विपिन जल्होत्रा, सुरेश परिहार, धीरेश गुप्ता, धर्म कोली, रश्मि रस्तोगी, फरजाना बेगम, उमा जोशी, वेद ठुकराल, उमा शंकर दूबे, खतीब अहमद, सतीश गोयल, मयंक कक्कड़, गजेन्द्र प्रजापति, आदेश ठाकुर , सुरेश जैन, दिलीप अधिकारी, राजेश तिवारी, दीपा राय, मयंक तिवारी, सुरेश यादव, मनीष पांडे, संतोष यादव, सुनील ठुकराल, अशोक विश्वास, किरन विर्क, सचिन छावड़ा, ललित बिष्ट सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

**नामांकन को लेकर...**पार्क व गल्ला मंडी क्षेत्र में जहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा तो वहीं सभी मुख्य चौराहों, मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले लिंक मार्गो, काशीपुर बाई पास रोड़, काशीपुर रोड़, हल्द्वानी रोड़, किच्छा बाईपास रोड़, किच्छा रोड़, अटरिया रोड़ तिराहा, नैनीताल मार्ग, विकास भवन मार्ग, कलैक्ट्रेट परिसर, डीडी चौक, इन्द्रा चौक, मुखर्जी चौक, परशुराम चौक, रिंग रोड़ तिराहा, गल्ला मंडी तिराहा, भगत सिह चौक, अम्बेडकर चौक, अग्रसेन चौक सहित नगर के सभी प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बल तैनात रहा। इस दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके, सीओ सीटी अनामिका तोमर सहित पुलिस विभाग के कई आलाधिकारी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं पर पैनी नजर रखे रहे। ड्रोन कैमरे से भी व्यवस्थाओं पर पैनी नजर रखी गई। गांधी पार्क में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट सहित भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वहीं गल्ला मंडी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व यातायात व्यवस्था चाकचौबंद की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला मुख्यालय सहित आस पास के थाना क्षेत्रों से भी भारी संख्या में पुलिस बल मंगवाया गया था। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन करने के कार्यक्रम के चलते अनेक मार्गों पर कुछ देर के लिए वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा देने से आम जनता को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ा। इस दौरान मुख्य मार्गो पर लम्बा जाम भी लग गया। जिसे बाद में पुलिस ने व्यवस्थित किया। वहीं गांधी पार्क में आयोजित चुनाव जनसभा के दौरान खूफिया तंत्र के साथ ही चुनाव आयोग से नियुक्त अधिकारी भी नजर बनाए रहे।

**भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट..** राज सिंह के समक्ष चार सैटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करते जाते कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद मीडिया कर्मियों को विक्टरी चिन्ह का इशारा करते हुये अपनी विजय के प्रति आश्वस्त दिखे।

**युवक की संदिग्ध...**तमाशबीनों का मजमा लग गय। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए उसे अंतिम परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया जहां से आज पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को पुलिस द्वारा परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक के एक 5 वर्षीय पुत्र अज्जू तथा 1 वर्ष का पुत्र अर्पित है। घटना के बाद से उसकी पत्नी बच्चों तथा परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**अचानक कार्यकर्ताओं के ...**मुखिया उनके घर पधारे हैं। सीएम धामी ने जीवन चन्द्र आर्या और उनके परिवार से किसी भी फार्मेलिटी में न पड़ने का आग्रह किया और खुद आंगन में लगी कुर्सी पर बैठ गये। मुख्यमंत्री ने जीवन चन्द्र और उनके परिवार से काफी देर बात की। कुछ ही देर में वहां पर धामी से मिलने के लिए लोगों की भीड़ लग गयी। किसी ने ली सेल्फी तो किसी ने सरकारी योजनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी।मुख्यमंत्री ने किसी को निराश नहीं किया।

**कांग्रेस प्रत्याशी ने रोड...**चौधरी, शैलेन्द्र शर्मा, पवन वर्मा, सतनाम सिंह, राजेन्द्र चौहान, प्रकाश चन्द्र, गुड्डू तिवारी, योगेश चौहान, गुलशन सिंधी, साहब सिंह, राजीव चौधरी, दीपक सिंह, सुनील आर्य, सतीश कुमार, लवदीप सिंह, शरफत अली, चन्दपाल सिंह, राजकुमार पाण्डे, कमल सिंह बिष्ट, इकबाल सिंह, नजमा, असलम जावेद, मोनिका ढाली, सोमल सिंह, सतनाम सिंह, सुखवीर सिंह, सुखदेव सिंह, दिनेश कुमार, अकरम अली, आदि समेत तमाम कांग्रेसी थे।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 26 मार्च 2024 को तकनीकी खराबी के कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ। पाठकों को हुई असुविधा के लिये हमें खेद है।

– सम्पादक

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम प्रियंका कालड़ा (PRIYANKA KALRA) अब मैंने नाम बदलकर प्रियंका(PRIYANKA) रख लिया है। भविष्य में मुझे प्रियंका (PRIYANKA) पत्नी हरजीत सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

प्रियंका पत्नी हरजीत सिंह
निवासी-ए-18, निकट रूद्रा होटल,
वैशाली कालोनी, तहसील-रूद्रपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'गजब के उत्तराखंडी' प्रत्याशी के 'दर्शन' नहीं और किए जा रहे 'मतदान'

**नैनीताल जिले के लोशज्ञानी, नेकाना तथा बड़ौन गांव में आजादी के बाद से आज तक नहीं पड़े किसी प्रत्याशी के कदम, बिना मांगे ही उम्मीदवारों को वोट दिए जा रहे ग्रामीण, समस्याओं के निदान के लिए नेताजी के चमचों पर आश्रित गांव वाले मतदान में आगे ,सड़क व अस्पताल का पता नहीं और स्कूल है जर्जर पर नागरिक कर्तव्यों के लिए गजब की प्रतिबद्धता**

-अर्श-

रूद्रपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अक्सर यह कहा करते थे, कि असल भारत गांव में बसता है ,लेकिन सौभाग्यवश आज अगर बापू जिंदा होते तो, उत्तराखंड स्थित नैनीताल जिले के रामगढ़ ब्लॉक के लोशज्ञानी, नेकाना तथा बड़ौन के गांव के ग्रामीणों की जनतंत्र के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को देखकर यह कहने को निश्चित ही मजबूर हो जाते कि भारतीय जनतंत्र के सच्चे प्रहरी तो केवल उत्तराखंड के दुर्गम गांवों में बसते हैं ।उत्तरांचल दर्पण के पाठकों को यह जानकर घोर आश्चर्य होगा कि सूबे के नैनीताल जिला अंतर्गत आने वाले रामगढ़ ब्लॉक के लोशज्ञानी, नेकाना एवं बड़ौन गांव के मतदाताओं ने आजादी के बाद से आज तक किसी भी लोकसभा प्रत्याशी को रूबरू नहीं देखा ,फिर भी लोकतंत्र में इन ग्रामीणों की प्रबल आस्था है और यह अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य के प्रति बेहद गंभीर भी हैं, जिसके चलते यह हर लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित उक्त ग्रामीण मतदाता वर्ष 1952 से अस्तित्व में आने वाली नैनीताल लोकसभा सीट, के मतदाता की हैसियत से इस दफे 19वीं बार मतदान करने की तैयारी में है ,लेकिन आज तक कोई भी सांसद प्रत्याशी उनसे वोट मांगने उनके दरवाजे तक नहीं पहुंचा। और ना ही इस दफा भी किसी बड़े नेता के पहुंचने की उम्मीद है क्योंकि उपरोक्त गांवों का पहुंच मार्ग बेहद दुर्गम है और यह गांव शहर तक पहुंचने वाली सड़क से मीलों दूर है। बहरहाल, नेता जी इन गांवों के निवासियों से मिलने पहुंचे अथवा ना पहुंचे, मगर यह अपना वोट डाल, लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए मतदान केंद्रों तक जरूर पहुंचते हैं। दुनिया भर में अपनी नैसर्गिक छटा के लिए मशहूर नैनीताल जिले के बड़ौन और लोशज्ञानी गांव के ग्रामीणों की माने, तो आज तक कोई भी प्रत्याशी वोट मांगने के लिए उनके गांव तक नहीं पहुंचा और आजादी के बाद से आज तक उन्हें किसी बड़े नेता का दीदार नहीं



हुआ ,लिहाजा यह लोग प्रत्याशी को देखे बिना ही लगातार वोट करते चले आ रहे हैं। सड़क से मीलों दूर स्थित इन गांवों में तकरीबन 2600 मतदाता हैं। लगभग हर चुनाव के दौरान इन्हें रिझाने के लिए प्रत्याशियों के प्रतिनिधि जरूर पहुंचते हैं मगर इन गांवों के मतदाताओं को अपने संसदीय प्रत्याशी को प्रत्यक्ष देखने और बात करने का सौभाग्य आज तक नहीं प्राप्त हुआ। चुनाव संपन्न होने के बाद नेताजी के प्रतिनिधि भी लापता हो जाते हैं और फिर अगले पांच साल तक समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन लेकर ग्रामीणों को ही जिला मुख्यालय या नेताजी के दरबार तक पहुंचना पड़ता है । ग्रामीणों में नेता जी की इस बेरुखी से नाराजगी तो है, लेकिन मतदान में उनकी भागीदारी हमेशा 60 से 70 फीसदी तक रहती है। इन गांवों मैं वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टियों को भी एक दिन पहले रवाना करना पड़ता है। पिछले 75 वर्षों से अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों की सूरत देखने को तरस रहे उपरोक्त गांव में से बड़ौन गांव की बात करें, तो पिछले चुनाव तक बड़ौन गांव शहर तक पहुंचने वाली सड़क से आठ किमी दूर था। कुछ महीना पहले यहां सड़क निर्माण का कार्य आरंभ हुआ था ,लेकिन इसकी रफ्तार बेहद सुस्त रही और अब भी यह गांव सड़क से तीन किमी दूर है ।इस गांव से तकरीबन डेढ़ किमी दूर स्कूल में मतदान केंद्र है तथा गांव में करीब1400 मतदाता पंजीकृत हैं, पिछले चुनाव में बड़ौन गांव के करीब 600 लोगों ने मतदान किया था ।यद्यपि रोजगार की तलाश में यहां के काफी युवा गांव से चले गए हैं ,पर बचे हुए लोग देश के लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से पीछे नहीं हटते ।वही एक अन्य गांव नेकाना के मतदाताओं ने तो आज तक बड़े नेताओं को केवल टेलीविजन पर ही देखा है। नेकाना के ग्रामीणों को 4 किमी पैदल चलकर सड़क तक आना पड़ता है। यहां की वोटर लिस्ट में 1200 मतदाता पंजीकृत हैं।पिछले विधानसभा चुनाव में गांव में 780 लोगों ने मतदान किया था तथा पिछले लोकसभा चुनाव में भी यहां मतदान प्रतिशत 66 फीसदी तक रहा था । इसके बावजूद गांव में आज तक सड़क आने का सपना पूरा नहीं हो पाया। ग्रामीणों के अनुसार गांव सड़क से दूर है इसलिए यहां लोकसभा प्रत्याशी नहीं आते।गांव में हर बार 60 प्रतिशत मतदान होता है, यदि सड़क, मोबाइल और बाकी सुविधाएं आ जाएं तो गांव के लिए बेहतर होगा। संसदीय सीट के अस्तित्व में आने के बाद से सांसद प्रत्याशी के दर्शनों से वंचित तीसरे गांव लोशज्ञानी के हालात भी कमोबेश एक जैसे ही है। फल उत्पादन के लिए मशहूर लोशज्ञानी तक पहुंचने के लिए आज भी 5 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। इस गांव के बच्चे आज तक पथरीले रास्तों से स्कूल जाते हैं।गांव में कोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं है। साथ ही सड़क नहीं होने से बुजुर्गों बच्चों के लिए हमेशा परेशानी रहती है तथा इस गांव के मरीज को आज भी डोली पर सड़क तक ले जाया जाता है।

## मुंजाल और गाबा भारी भीड़ के साथ नामांकन रैली में पहुंचे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।पूर्व पार्षद सचिन मुंजाल एवं भाजपा जिला सह संयोजक सुशील गाबा सहित मलिक कॉलोनी एलायंस कॉलोनी वार्ड 31 से दर्जनों क्षेत्रवासी भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट की नामांकन रैली में ट्रेक्टर, चैपहिया एवं दोपहिया वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे। रैली में सबसे बड़ा झंडा थामे सुशील गाबा की सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। पार्षद सचिन मुंजाल



ने भी जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान गुड्डू सक्सेना, सनी मुंजाल, मनोहर चराया, जुगल किशोर कक्कड़, कार्तिक ठुकराल, देव ऋषि मेनन राजेंद्र ग्रोवर, दीपक चौधरी, रजत अरोड़ा, विक्की साहनी, प्रथम साहनी, अमित साहनी, विवेक मौर्या, आकाश रस्तोगी, जैनिस पाहवा, कश्मीर लाल, शिवम रावत, राहुल अधिकारी, प्रदीप बाजवा, मयंक सक्सेना, हिमांशु कोली, मनीष साहनी, आयुष राजपूत, अंकुश सक्सेना, गोलू गिरी, विजय सागर, अंकित सक्सेना, दीपक सक्सेना, सनी मुंजाल, यश ग्रोवर, दीपांशु सक्सेना, विपिन शर्मा, सूरज हीरा आदि सहित दर्जनों क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## नहर में मिला युवक का शव

रामनगर(उद संवाददाता)।मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव नहर मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को नहर से बाहर निकाल कर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना के संबंध कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह भवानीगंज क्षेत्र में स्थित नहर के अंदर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त मौके पर कराई गई लेकिन उसकी कोई पहचान नहीं हो पाई है उन्होंने बताया कि शव को शिनाख्त के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है शिनाख्त होने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## भाविप ने मनाई फूलों की होली

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद द्वारा नगर में प्रधम बार भव्य फूलों की होली महोत्सव का आयोजन किया गया।जगदम्बा मंदिर परिसर में आयोजित फूलों की होली में भारत विकास परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ ही पीलीभीत के कलाकारों की राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी ने भक्तो का मन मोह लिया। सभी



भक्तो ने राधा कृष्ण की जोड़ी के साथ फूलो की होली साथ भरपूर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया । इस अवसर पर प्रोग्राम संयोजक उमेश अग्रवाल, अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सचिव संजय जैन मुकेश गोयल , के बी गोयल , डा सुरेश गुप्ता , पंडित , शीलू सक्सेना , लता अग्रवाल , संजीता अग्रवाल , श्वेता अग्रवाल , सुनीता जैन , अलका अग्रवाल , मीनाक्षी मिश्रा, अंजली थापा, मानसी गर्ग आदि मौजूद रहे।

## प्लेसमेंट सेल कार्यक्रम कल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। महाविद्यालय केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शक्तिफार्म द्वारा 28 मार्च को प्लेसमेंट सेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शक्तिफार्म एवं सितारगंज के प्रसिद्ध स्कूल प्लेसमेंट करेंगें। डॉक्टर मनोज दास ने सभी अभ्यर्थियो से इस कार्यक्रम मे शामिल हो कर प्लेसमेंट का लाभ लेने का अपील की है। प्लेसमेंट मे शामिल होने वाले स्कूलों में द विल्वर स्कूल, सितारगंज,श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, सितारगंज, एस.आर.एम. इंटरनेशनल स्कूल, सितारगंज, स्कॉलर वैली इंटरनेशनल स्कूल, सितारगंज, के.के.एन. इंटर कॉलेज, रतनफार्म, श्री राम इंटरनेशनल स्कूल, रतनफार्म, गोल्डन पब्लिक स्कूल, सिसौना, तक्षशिला विद्या मंदिर, बारा, डॉ. सुशीला तिवारी इंटर कॉलेज, कल्याणपुर सिसौना,डी.एस. इंटर कॉलेज, सिसैया,एसएस इंटर कॉलेज, सिसैया,केशव सूर्यमुखी पब्लिक स्कूल, शक्तिफार्म,न्यू ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, शक्तिफार्म,ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, शक्तिफार्म,ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, रुदपुर,भारती देवी पब्लिक स्कूल, निर्मल नगर,लक्ष्मी देवी पब्लिक स्कूल, शक्तिफार्म मौजूद रहेंगे।

## महावर वैश्य सभा ने आयोजित किए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली पर्व पर महावर वैश्य सभा के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम महावार सभा के वरिष्ठ पदाधिकारियो द्वारा दीप प्रज्जलन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना के साथ हुआ। कलाकारों ने नृत्य और फैंसी ड्रेस के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महावर समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने



वाले व परीक्षाओं में मेरिट पाने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। बाल कलाकारो द्वारा राम सीता स्वम्बर की सुन्दर प्रस्तुती प्रस्तुत की गयी।इसके पश्चाद ओम डांस के कलाकारो द्वारा होली पर शानदार प्रस्तुती की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में सभी को होली की शुभकामना देते हुए कहा होली भाइचारे का त्योहार है। जिसको सभी लोग मिलजुल कर मनाते है। कार्यक्रम का संचालन विपिन गुप्ता व नीरज गुप्ता ने किया।

## होली का टीका लगाने पर किया हमला

काशीपुर(उद संवाददाता)। होली का टीका लगाने पर गुस्से से तमतमाये तीन दबंगों ने एक युवक पर लोहे की रोड से प्राण घातक हमला करते हुए उसे गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया। बेहद नाजुक हालत में उपचार के लिए घायल युवक को राजकीय चिकित्सालय लाए जाने पर चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम जगतपुर निवासी सुनील पुत्र गोपाल सिंह ने बताया कि उसके भाई रवि सिंह ने पड़ोस में रहने वाले हंसप्रीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह को रंग का टीका लगा दिया। जिस पर हंसप्रीत सिंह ने रवि के साथ गाली गलौच शुरु कर दी। फिर हंसप्रीत के पिता तरसेम सिंह पुत्र शिंगारा सिंह, बलविन्दर सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी कल्लूवाला, थाना रेहड़ जिला बिजनौर ने रवि को लोहे की रोड से उसके सिर, हाथ व मुंह पर बुरी तरह जान से मारने की नीयत से हमला किया। पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर हंसप्रीत सिंह, तरसेम सिंह तथा बलविंदर सिंह के खिलाफ धारा 307, 34, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। अपराधी किस्म के एक व्यक्ति ने अपने पुत्र के साथ हमसाज होकर युवक से मार पिटाई करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता पुत्र के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला थाना साबिक निवासी देवकी नंदन पुत्र बाबूराम ने बताया कि बीते 24 मार्च को वह मोहल्ले में खड़ा था इसी दौरान उपरोक्त मोहल्ला निवासी कौशल यादव पुत्र पाती राम तथा उसका पुत्र विकास यादव अचानक वहां आ धमके और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जब पीड़ित द्वारा इसका विरोध किया गया तो बाप बेटे ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस को दी तहरीर में मारपीट के शिकार युवक ने आरोपी पिता पुत्र से जान का खतरा बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## प्रेक्षकों ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र हेतु तैनात सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व



पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा रूद्रपुर पहुंचे। उन्होने जिलाधिकारी कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, पुलिस अधीक्षक/नोडल पुलिस चन्द्रशेखर घोड़के के साथ बैठक कर निर्वाचन सम्बन्धित जानकारियां ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में 14 विधानसभाए आती है जिनमे 805 मतदान केन्द्र बनाये गये है जिनमे 1465 मतदेय स्थल है। उन्होने बताया कि निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जनपद के प्रत्येक विधानसभा में 9 उड़न दस्तें व 9 स्थैतिक निगरानी दल लगाये गये है साथ ही प्रत्येक विधानसभा में तीन-तीन वीडियों निगरानी टीम, एक-एक सहायक व्यय प्रेक्षक व लेखा टीम लगायी गयी है तथा 250 माईक्रो ऑब्जर्वर तैनात किये गये है। जनपद में 18 सखी बूथ व 18 आदर्श बूथ बनाये गये है। उन्होने बताया कि जनपद में जिला निर्वाचन कन्ट्रोल रूम, सी-विजिल, एमसीएमसी संचालित है तथा 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों में वेव कास्टिगं की जायेगी। 21 जोनल व 119 सैक्टर मजिस्ट्रेट एवं मतदान कार्मिकों,को प्रथम ईवीएम प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होने बताया कि रूठ चार्ट के साथ ही निर्वाचन हेतु पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गयी है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नोडल निर्वाचन मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल पुलिस चन्द्रशेखर घोड़के, नोडल प्रेक्षक बीएस चलाल आदि मौजूद थे।